यह निरीक्षण प्रतिवेदन **कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया गया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी** के माह 04.2012 से 11.2018 तक के लेखा-अभिलेखों की लेखापरीक्षा पर आधारित निरीक्षण प्रतिवेदन श्री पवन कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी एवं श्री मुन्ना राम, लेखापरीक्षक द्वारा दिनांक 31.12.2018 से 03.01.2019 तक श्री पुष्कर, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी के पूर्ण पर्यवेक्षण में सम्पादित की गयी।

## भाग- I

**1). परिचयात्मकः** इकाई को आहरण वितरण अधिकार प्रदान किए जाने के उपरान्त इकाई की प्रथम लेखापरीक्षा है।

**2). (i). इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्रः** संस्थान द्वारा विभिन्न रोजगारपरत व्यवसायो मे प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इकाई के भौगोलिक अधिकार क्षेत्र मे रौडधार क्षेत्र शामिल है।

**ii). (अ). विगत वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः**

**(रु लाख में)**

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक अवशेष | | स्थापना | | गैर स्थापना | | आधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थापना | गैर-स्थापना | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | | |
| 1 | 2013-14 | 0.00 | 0.00 | 23.75 | 22.98 | 3.51 | 3.36 | - | 0.92 |
| 2 | 2014-15 | 0.00 | 0.00 | 35.96 | 23.76 | 9.20 | 3.34 | - | 18.06 |
| 3 | 2015-16 | 0.00 | 0.00 | 22.35 | 19.00 | 6.94 | 5.88 | - | 4.40 |
| 4 | 2016-17 | 0.00 | 0.00 | 25.29 | 21.19 | 8.77 | 8.58 | - | 4.29 |
| 5 | 2017-18 | 0.00 | 0.00 | 26.72 | 26.22 | 18.57 | 15.43 | - | 3.64 |
| 6 | 2018-19 | 0.00 | 0.00 | 33.48 | 20.65 | 7.03 | 4.64 | - | -- |

**(ब)**. Autonomous Bodies की इकाइयों के विगत तीन वर्षो में बजट आवंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैं:

**लागू नही**

**(स). केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः**

| वर्ष | योजना का नाम | प्रारम्भिक आवशेष | वर्ष के दौरान प्राप्ति(आवंटन ) | विविध प्राप्तियाँ (ब्याज आदि ) | कुल प्राप्ति | व्यय | आधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2013-14 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2014-15 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2015-16 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2016-17 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2017-18 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| 2018-19 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**iii).** इकाई को बजट आवंटन राज्य योजना अनुदान संख्या 16 के अंतर्गत, निदेशालय प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, हल्द्वानी द्वारा किया जाता है। गैर-स्थापना व्यय को सम्मिलित करते हुए इकाई 'C' श्रेणी की है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत हैः-

a). प्रमुख सचिव, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन , उत्तराखंड, देहरादून

b). निदेशक, प्रशिक्षण, हल्द्वानी

c). अपर निदेशक, प्रशिक्षण, हल्द्वानी

d). उप निदेशक, प्रशिक्षण, हल्द्वानी

e). प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी

**iv). लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** वर्तमान लेखापरीक्षा 04.2012 से 11.2018 तक की अवधि को आच्छादित करते हुए **कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी** के लेखा-अभिलेखों की नमूना जांच के आधार पर की गयी । यह निरीक्षण प्रतिवेदन **कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी** की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह 03/2015, 02/2018, 09/2016 एवं 06/2018 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया। प्रतिचयन अधिकतम व्यय के आधार पर किया गया।

**v).** लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद- 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 (डी.पी.सी. एक्ट, 1971) की धारा 13; लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

## भाग-2 (ब)

**प्रस्तर-1:- मद संख्या -16 "व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान" हेतु व्यय धनराशि रु 14.02 लाख के वाउचरो पर त्रुटिपूर्ण 2% टीडीएस की कटौती किया जाना।**

According to Circular No. 01/2014, dated 13.01.14 and revised/modified Circular No. 23/2017, dated 19.07.17 "TDS not to be deducted on Service Tax and GST Component"

कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी गढ़वाल हेतु वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 के मद संख्या 16 "व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान" के वाउचरो/देयकों की जांच की गयी। वर्षवार उक्त मद हेतु आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत पायी गयी:-

**(रु लाख मे )**

| क्र.स. | वर्ष | मद का नाम | आवंटन | व्यय | समर्पण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2017-18 | 16- व्यावसायिक तथा विशेष सेवाएँ | 11.96 | 10.23 | 1.73 |
| 2 | 2018-19 | 16- व्यावसायिक तथा विशेष सेवाएँ | 5.90 | 3.79 | --- |
| | | **कुल योग** | **17.86** | **14.02** | |

उक्त तालिका के अनुसार धनराशि रु 14.02 लाख का भुगतान व्यावसायिक एवं विशेष सेवाओं पर कार्यालय द्वारा किया गया। संबन्धित वाउचरों/देयकों की नमूना जांच मे पाया गया कि संबन्धित वाउचरों/देयकों मे उपरोक्त सरकुलर के विपरीत देयकों का भुगतान करते समय 15% service tax अथवा 18% GST कर को शामिल करते हुये, देयकों से दो प्रतिशत आयकर कटौती कर लेखाशीर्ष 8658001120000 (टीडीएस कटौती) मे जमा/अंतरण किया गया। नमूना जांच मे तथ्य प्रकाश मे आया कि उपनल के संबन्धित देयकों मे 'TDS not to be deducted on service tax component and GST' का स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद भी सर्विस कर तथा जीएसटी की राशि को शामिल करने के बाद दो प्रतिशत टीडीएस की कटौती किया जाना पाया गया तथा इकाई द्वारा संबन्धित कटौती किए जाने पर समर्पित साक्ष्य एवं निर्देश/नियमावली लेखापरीक्षा मे उपलब्ध कराने मे असमर्थ पायी गयी।

इस संबंध मे पूछे जाने पर इकाई द्वारा उत्तर दिया गया कि "कोषागार के माध्यम से निर्देशित किए जाने के उपरान्त ही संबन्धित देयकों से टीडीएस की कटौती की गई इस संबंध मे कोई लिखित आदेश निर्देश प्रदान नही किए गए है"।

उत्तर तर्कसंगत नही पाया गया, उपरोक्त सरकुलर के अनुसार सर्विस टैक्स एवं जीएसटी की सम्मिलित राशि पर टीडीएस की कटौती अनुमन्य नही पायी गई तथा मद संख्या 16 के अंतर्गत भुगतनित सर्विस कर तथा जीएसटी आय का स्त्रोत नही है, साथ ही इकाई द्वारा उक्त देयकों से कटौती संबन्धित कोई साक्ष्य/ निर्देश लेखापरीक्षा मे अप्रस्तुत पाये गए।

**अतः प्रकरण प्रकाश मे लाया जाता है।**

## भाग-III

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण:-

| **निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या** | **भाग-II 'अ' प्रस्तर संख्या** | **भाग-II 'ब' प्रस्तर संख्या** | **STAN** |
|---|---|---|---|
| यह इकाई की प्रथम लेखापरीक्षा है। | | | |

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः

| **निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या** | **प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण** | | | **अनुपालन आख्या** | **लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी** | **अभियुक्ति** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **भाग-II 'अ' प्रस्तर संख्या** | **भाग-II 'ब' प्रस्तर संख्या** | **STAN** | | | |
| यह इकाई की प्रथम लेखापरीक्षा है। | | | | | | |

## भाग-IV

## इकाई के सर्वोत्तम कार्य

.................................. शून्य .....................................

**भाग-V**

**आभार**

**1).** कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून, लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु **कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी** तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः-

**अप्रस्तुत अभिलेखः शून्य**

**2). सतत् अनियमितताएः** शून्य

**3).** लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयाध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया :

| नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|
| श्री पी°सी° उनियाल | कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी | लेखापरीक्षा अवधि से 30.04.13 |
| श्री एम° एम° कुड़ियाल | कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी | 01.05.13 से 30.07.17 तक |
| श्री संजीव कुमार | कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी | 31.07.17 से 16.11.17 तक |
| श्रीमति पल्लवी | कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी | 17.11.17 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका, उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति **कार्यालय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, रौडधार, टिहरी** को इस आशय से प्रेषित कर दी गयी, जिसकी प्राप्ति के एक माह के अन्दर अनुपालन आख्या सीधे "उप-महालेखाकार/ सामाजिक क्षेत्र, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखंड, महालेखाकार भवन, कौलागढ़, देहरादून 248195 " को प्रेषित कर दी जाये।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**